गोलालारीय समाज का मुखपत्र

मासिक
# गोलालारीय दर्शन

सफलता के 14 वर्ष

अपनों के साथ अपनी बातें

लेट पोस्टिंग

golalariya.darshan@gmail.com
गोलालारीय दर्शन यहां भी देख सकते है –
www.golalariya.com
9406744064

प्रतिभाशाली विशेषांक

RNI No. MPHIN/2008/26873
No. MP/IDC/1252/2021-2023

सेवा में,

जो भरा नहीं है भावों से, बहती जिसमें रसधार नहीं । हृदय नहीं वह पत्थर है, जिसको समाज से प्यार नहीं ।

वर्ष : 14 अंक : 10 पृष्ठ संख्या : 8 माह – 20 अगस्त 2023 सहयोग राशी 1100/– देकर सदस्य बनें ।

## नई सुबह की ओर बधाईयां... बधाईयां... बधाईयां...



**वाणी जैन,** कटनी
रुबी–विकास जैन
CBSE - 12th
91% Comm.



**संकल्प जैन,** विदिशा
सुनीता–नीलेश जैन
Board - 12th
90% PCM



**गरिमा जैन,** सागर
रागिनी–कमलचंद जैन
CBSE - 12th
89% Art



**अनन्या जैन,** विदिशा
मनीषा–अजित जैन
CBSE - 12th
87.8% Comm.



**दृश्या जैन,** इन्दौर
प्रीति–आनंद जैन
CBSE - 12th
84% Bio

गोलालारीय दर्शन के प्रतिभाशाली विशेषांक में प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी अपनी–अपनी कक्षाओं में शिखर पर रहे छात्र–छात्राओं का हार्दिक अभिनंदन और सुनहरे भविष्य के लिए शुभकामनाएं। अपनी अदम्य इच्छाशक्ति, कठोर परिश्रम और सुयोग्य शिक्षकों के मार्गदर्शन से इन छात्र–छात्राओं ने अपने माता–पिता, परिवार और गोलालारीय समाज का नाम रौशन किया है। इनके उच्चांक इस उक्ति को सार्थक करते है कि कठोर परिश्रम ही सफलता की कुंजी है। परिश्रम का कोई विकल्प नहीं है। कठोर परिश्रम के साथ ही अध्ययन के प्रति उनकी एकाग्रता भी प्रशंसनीय हैं। आज कितने ही बच्चे इंटरनेट और मोबाइल की दुनिया में खोकर अपने लक्ष्य से भटक रहे हैं। ऐसे बच्चों को इन प्रतिभाओं से प्रेरणा लेनी चाहिए। यदि आप जीवन में अपने लक्ष्य को पाना चाहते हैं तो समर्पित होकर पूरी निष्ठा से प्रयास करें, सफलता निस्संदेह आपकी होगी । हमारी प्रतिभाएं एक नई सुबह का स्वागत करने के लिए उत्सुक हैं, जीवन के अगले पड़ाव के लिए उनके कदम तत्पर हैं। भविष्य में भी इसी तरह सफलताएं प्राप्त कर ऊंचाइयों को प्राप्त करेंगे, ऐसी अपेक्षा है। जो सफल नहीं हुए या कुछ कम अंकों को प्राप्त कर थोड़ा पीछे रह गए, उन्हें भी निराश होने की आवश्यकता नहीं है। आपकी सफलता और भविष्य अंको का मोहताज नहीं है। अभी भी अवसर है आप कठोर परिश्रम करें और नए अवसरों का लाभ उठाएं सफलता अवश्य आपके भी कदम चूमेगी। – अनुपमा जैन

## धर्म और तीर्थ क्षेत्रों की रक्षा अब राजनीतिक प्रभाव से ही संभव है

राजेन्द्र जैन 'बागो', इन्दौर । जैन राजनीतिक चेतना मंच का प्रांतीय अधिवेशन रविवार 6 अगस्त को इन्दौर में आयोजित हुआ। प्रदेशाध्यक्ष सुभाष काला ने अपने स्वागत उद्बोधन में कहा कि देश भर में मुनियों की हत्या व अपमान की घटनाएं बढ़ रही है और तीर्थ क्षेत्रों पर निरंतर कब्जे हो रहे हैं, स्थानीय समाज के विरोध को सरकार व प्रशासनिक स्तर पर अनदेखा किया जा रहा है। हमें अब एकजुट होकर समाज शक्ति को दिखाना अति आवश्यक है। धर्म और तीर्थों की रक्षा के लिए राजनीति के माध्यम से समाज प्रतिनिधियों को आगे बढ़ना ही इस समस्या का स्थाई निराकरण है। लोकसभा, विधानसभा में हमारे समाज का उचित प्रतिनिधित्व ही धर्म विरुद्ध कार्यों के विरोध में समाज की आवाज को राष्ट्रीय मंच पर बुलंद करेंगे । राष्ट्रीय अध्यक्ष गजराज गंगवाल ने कहा कि हमें सामाजिक और राजनीतिक क्षेत्र में जागरुक होना और ताकत दिखाना बहुत जरुरी है, तभी समाज को महत्व मिलेगा।

अधिवेशन में देश भर से पधारे दो हजार प्रतिनिधियों की मौजूदगी में विभिन्न प्रस्ताव पारित किए गए निर्णय लिया गया कि आगामी विधानसभा और लोकसभा चुनाव में जो राजनीतिक पार्टी हमारी समाज को उचित प्रतिनिधित्व देगी हम उसका समर्थन करेंगे मध्यप्रदेश में 5 लोकसभा और 45 विधानसभा सीटें ऐसी हैं जहां



जैन समाज जीतने की स्थिति में है, हमें इन सीटों पर समाज की ताकत राष्ट्रीय पार्टियों को दिखाना चाहिए , कोई भी पार्टी समाज प्रतिनिधि को टिकट देती है तो हम सभी को उसे जिताने के हर संभव प्रयास करना चाहिए यहां हम किस पार्टी के समर्थक हैं इस बात को भुला कर अपने समाज के प्रतिनिधि को जिताने का प्रयास करना ही हमारा एक मात्र उद्देश्य होना चाहिए। राजस्थान के पूर्व केबिनेट मंत्री चंद्रराज सिंघवी व राजस्थान कांग्रेस कमेटी के सदस्य हुकुमचंद जैन काका के ओजस्वी उद्बोधन ने प्रतिनिधियों में नवीन ऊर्जा भर दी, राष्ट्रीय नीति आयोग की सदस्या श्रीमती अर्चना जैन ने कुछ संदर्भों के साथ समाज की एक जुटता पर अपनी बात रखी । इसके पूर्व संस्था संरक्षक अशोक बड़ज़ात्या ने टूल किट के माध्यम से बताया की संगठन किस तरह से कार्य करेगा । अधिवेशन का शुभारंभ और ध्वजारोहण राष्ट्रीय अध्यक्ष घेवरचंद जैन किया। राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष प्रकाशचंद बड़ज़ात्या, राष्ट्रीय महामंत्री ललित जैन, संगठन मंत्री पूर्व विधायक सुकृति जैन, कर्नाटक के पूर्व विधायक संजय जैन मुर्नीद्र जैन ,अशोक जैन मेहता, प्रकाश भटेवरा सहित अनेक प्रतिनिधियों ने अपने महत्वपूर्ण विचार रखे । मीडिया प्रभारी होलास सोनी, राजेश दद्दू रहें कार्यक्रम का सफल संचालन मंच के प्रादेशिक कार्याध्यक्ष हंसमुख गांधी ने किया।



## जैन संतों व संस्कृति की सुरक्षा करें अल्पसंख्यक आयोग

झांसी, प्रवीण कुमार जैन । देश में अल्पसंख्यक जैन समुदाय के तीर्थों, साधुजनों व संस्कृति पर हो रहे कुठाराघात को लेकर दिगंबर जैन महासमिति के राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष प्रवीण कुमार जैन 'दैनिक विश्व परिवार' के नेतृत्व में समाज के प्रतिनिधि मंडल ने अल्पसंख्यक आयोग के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री केरसी के. देबु को ज्ञापन देकर ठोस कार्रवाई की मांग की ।झांसी सर्किट हाउस में अल्पसंख्यक आयोग के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष को दिए ज्ञापन में प्रवीण कुमार जैन ने बताया कि कर्नाटक में जैन संत कामकुमार नंदी की निर्मम हत्या, जैन संतों की सड़क दुर्घटना में हो रही हत्याएं, जैन संस्कृति को छिन्न–भिन्न करने की साजिश है इसी प्रकार जैन धर्म के तीर्थ गिरनारजी, सम्मेद शिखरजी, पालीताणा, गोम्मटगिरी इंदौर व केसरियाजी आदि तीर्थों पर अन्य संप्रदाय के प्रभावशाली व्यक्तियों व संगठनों द्वारा जबरन कब्जा किया जा रहा हैं। एक ओर भारत सरकार 1947 के स्तर को बनाए रखने की घोषणा करती है तो दूसरी ओर सरेआम तीर्थों पर कब्जा किया जा रहा है । अतः जरुरी है कि अल्पसंख्यक आयोग मामलों को संज्ञान में लेकर संरक्षण प्रदान करें। जैन मिलन के अध्यक्ष श्री सुभाष जैन सत्यराज ने कहा कि भारत सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा अल्पसंख्यकों के हित में चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी के अभाव में जैन समुदाय लाभान्वित नहीं हो पा रहा है अतः समाचार पत्रों में विज्ञापन प्रकाशित कराए जाना किए जाना चाहिए। प्रतिनिधि मंडल में जैन मिलन के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष श्री रविंद्र जैन रेलवे, विनोद जैन ठेकेदार, राजीव जैन हिंसा आदि उपस्थिति रहें।

